इसीलिए मैं कहना चाहता हूं कि आहूत करने के समय क्या-क्या बिजनेस है, उन बातों की चर्चा निश्चित रुप से अभिभाषण मे की जानी चाहिए, वरना यह अधूरा अभिभाषण है और अधूरे अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर विचार करना संगत नही है।

MR. DEPUTY CHAIRMAN : That is your opinion. Now these is no point of order because the House was summoned according to the Constitution. There is a List of Business for the House. The Government has taken note of all the things. There is no point of order.

MOTION OF THANKS ON THE PRESIDENT'S ADDRESS

SHRI JAI PARKASH AGGARWAL (NCT of Delhi) : Mr. Deputy Chairman, Sir, I move that an Address be presented to the President in the following terms :-

"That the Members of the Rajya Sabha assembled in this Session are deeply grateful to the President for the Address which she has been pleased to deliver to both Houses of Parliament assembled together on February 12, 2009."

सर, मैं माननीय राष्ट्रपति जी का हृदय से धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने जो अभिभाषण राज्य सभा और लोक सभा, दोनों सदनों के मैम्बर्स के सामने रखा, वह इस देश के लिए एक दिशा और निर्देश है कि किस तरह हमारी सरकार पांच साल चली, क्या रास्ता हमने चुना और कैसे हमने उसे तय किया। अगर आप उनका 2004 का अभिभाषण पढ़े, तो यह लगेगा कि जिस समय वह सरकार आई थी, उस समय उन्होंने यह चुना था कि हमें अपनी आज़ादी को बचाकर रखने के लिए, देश को तरक्की के रास्ते पर आगे ले जाने के लिए कौन से कदम उठाने जरूरी हैं, जिससे हम एक अच्छा रास्ता तय कर सकें और हमारा देश मजबूत हो। सर, लोकतंत्र में सरकारें आई भी हैं, बनी भी हैं और चली भी है तथा उनका कार्यकाल भी पूरा हुआ है। जिस समय इस देश को सन् 1947 में आजादी मिली, हमारा रास्ता शायद बड़ा कठिन था, लेकिन मन में एक भावना थी कि अपने देश को जो आजादी मिली है, इसे बरकरार रखना है और बचाकर ले जाना है। आज जब हम सरकार में हैं और हमने फैसले लिए हैं, तो आज भी वह ज़ज्बा हमारे अंदर है कि जिन लोगों ने इस देश की आजादी के लिए खून बहाया, अपनी जान दी और देश को आजाद कराया, तो आज जब हम सरकार में रहते हुए कोई फैसला लेते हैं, तो यह सोचते हैं कि हमारा लोकतंत्र कैसे बचेगा, किस तरह हम उस रास्ते पर चल पाएंगे, ताकि लोगों को रोजगार मिल सके, रोटी मिले, कपड़ा मिले, मकान मिले और हमारा देश खुशहाल हो। सिर्फ सरकार मे बैठकर यह नहीं हो सकता कि हम किस तरह पैसे का बंटवारा करें और हमारा काम पूरा हो जाए। शायद जब सरकारें आती हैं, तो एक भावना होती है, अलग-अलग मल्टी-पार्टी सिस्टम है, सबका अपना वोट मांगने का तरीका हो सकता है, लेकिन जब हम सरकार में आने के लिए वोट मांगते हैं, तब हम यह कोशिश करते हैं कि हम उन चीजों को लागू करेंगे जिनसे हम अपने देश को आगे ले जा सकें। हम दुनियां की इस दौड़ में कहीं पीछे न रह जाएं और उन मुद्दों को उठाते हैं, जो देश के लिए और देश को आगे बढ़ाने के लिए जरूरी होते हैं। सर, इसी तरह 2004 में जब चुनाव हुए और श्रीमती सोनियां गांधी के नेतृत्व में कुछ मिली-जुली पार्टियो के सहयोग से यूपीए का गठन हुआ, कुछ मुद्दे जो चुनाव से पहले भी उठाए गए थे, उन मुद्दो को साथ में रखकर और निगाह मे रखकर, यूपीए का गठन किया और एक कॉमन मिनिमम प्रोग्राम बना। कुछ लोग सरकार मे साथ थे और कुछ पार्टियों ने बाहर से समर्थन किया। जो साथ थे, वे आज भी साथ हैं, लेकिन उस समय जो बाहर से समर्थन कर रहे थे, वे आज शायद बाहर हैं। लेकिन सरकार आज भी उतनी मजबूती के साथ खड़ी है

और अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा करने जा रही है। सर, सिर्फ कुछ ऐसे कायदे या कानून बनाने से हम देश को आगे नही ले जा सकते जब तक हमें यह मालूम न हो कि हमें किन के लिए काम करना है, हमें यह मालूम न हो कि किस रास्ते पर चलना है, हमें यह मालूम न हो कि हमारी जनता हमसे क्या अपेक्षा करती है, हमें यह मालूम न हो कि हमें अगले पचास साल या सौ साल का भविष्य देखकर, देश को आगे ले जाना है, तो हम किन रास्तों पर चलेंगे, हमें किस तरह काम करना होगा, क्या नीति और कार्यक्रम बनाने पडेंगे, तब जाकर हम उस दिशा में सही तरीके से जा सकते हैं। कमजोर सोच से बना हुआ देश कभी भी बहुत मजबूती से आगे नहीं जा सकता। अगर हम लोगों में देश भक्ति पैदा करेंगे और सही रास्ता इस्तेमाल करेंगे, तभी हम आगे बढ़ सकते हैं। आज इस एड्रेस के माध्यम से मै कह सकता हूं कि जिस समय एन.डी.ए. की सरकार आई थी, तो शायद उस समय यह भावना नही रही होगी। क्योंकि पिछले पांच साल के अंदर बार-बार जब भी उनके सम्मेलन हुए तो मैंने उसे पढ़ने की कोशिश की कि जिस नाम पर वे वोट मांगकर आए थे, क्या वे वोट मांगने के बाद जब उनकी सरकार बनी थी तो उन्होंने कौन-सा रास्ता अख्तियार किया और उसके बाद आज किस दिशा में और किस भाषा में वे बोल रहे हैं। अभी कुछ दिन पहले उनका जो सम्मेलन हुआ, मैंने उसे बहुत ध्यान से पढ़ने की कोशिश की। उसके अंदर उन्होंने एक लफ्ज भी नहीं कहा कि जब हम पांच साल ताकत में रहे, जब हमने सरकार चलाई, तो हमने ये-ये मुद्दे जनता की भलाई के लिए उठाए थे, इसलिए हम इस नाम पर वोट मांगना चाहते हैं। अगर हम कोई भी ऐसा धार्मिक या कोई भी ऐसा मुद्दा, जिससे हमारा समाज बंटता हो या टूटता हो, उसको उठाकर वोट मांगने की कोशिश करेंगे, तो शायद हम बहुत दूर तक अपने देश की आज़ादी को बरकरार नहीं रख सकते हैं। आज मुद्दा लोगों की भूख से जुड़ा हुआ है। आज अगर सोशल वेलफेयर स्कीम्स लाएंगे, तभी हम अपने लोगों को आगे बढ़ा सकते हैं, आगे ले जा सकते हैं, मजबूत देश बना सकते है और मजबूत देश बनाने के लिए मन में उसकी कल्पना होनी चाहिए। एक अच्छी सोच लेकर, अच्छे कदम उठाकर हम आगे ले जाएं और लोगों को, जो हमारे देश में रहते हैं, उन्हें यह राहत हो कि यह सरकार आई है, यह हमारा भला करेगी, हमें दिशा देगी और हमें आगे ले जाएगी। सिर्फ रोटी-कपड़ा और मकान, जो हमारे देश में रहने वाले लोगों के लिए हो सकता है, हमारे नागरिकों के लिए हो सकता है, तब ही नहीं, बल्कि उसके साथ-साथ हम दुनिया में भी अपनी साख बनाते हैं। हमें यह भी ध्यान रहता है कि आज हमारे किसी काम से हमारा देश छोटा न हो जाए, हमारे किसी काम से दुनिया कि दौड़ में पीछे न चले जाएं, कहीं ऐसा न हो कि लोग आगे निकलते चले जाएं और हम बहुत पीछे, जो अफ्रीकन कंट्रीज हैं, उनकी गिनती में आने लगें। हमें दोनों तरीके से काम करना होगा। हमें सोच भी रखनी होगी, सरकार में आने के बाद अच्छे काम भी करने पड़ेंगे और हमें दिशा भी देना पड़ेगी। यू.पी.ए. की सरकार में श्रीमती सोनिया गांधी के नेतृत्व और डॉ. मनमोहन सिंह जी के प्रधानमंत्रित्व में पिछले पांच साल में मजबूत और ठोस कदम उठाए गए है, जिससे हमने एक दिशा हासिल की है और हम यहां तक पहुंचे हैं, जिसका विशेष उल्लेख माननीय राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में किया है। मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि हम क्यों कहते हैं कि हम मजबूत हैं? हम क्यों कहते हैं कि देश हमारे हाथ में सुरक्षित है? यह सिर्फ इसलिए नहीं है कि हमने आजादी की लड़ाई लड़ी और उसके बाद साठ साल में ज्यादातर समय हमारी सरकारें रहीं। मैं इसलिए नहीं कहता कि उस समय जब हमारे पहले प्रधान मंत्री श्री जवाहर लाल नेहरू जी बने, तो उन्होंने उस समय के भारत में जो गरीब था. उसे रोटी देने के लिए बड़े-बड़े कारखाने लगाए और दुनिया में पंचशील के माध्यम से शांति का संदेश दिया, गरीबों के दिल को छूने की कोशिश की। उन्होंने कोशिश की कि लोगों में वह जज्बा बना रहे, जो आजादी की लड़ाई में था, ताकि हम उन लोगों को अपने साथ, अपनी भावनाओं के साथ आगे लेकर चल सकें। मैं इसलिए भी कह सकता हूं कि श्रीमती इंदिरा गांधी जी जब प्रधान मंत्री बनी तो उन्होंने गरीबों के दिल को छूने की कोशिश की। उन्होंने वे नीति और कार्यक्रम लागू किए थे, जिससे लोगों को रोटी ओर रोजगार

मिल सके, लोग भूखे नहीं रहें। मैं यह नहीं कहता कि उस समय की जो पॉप्युलेशन थी, वे उसमें सौ फीसदी कामयाब रहे, लेकिन जो एक दिशा 1947 के बाद आजादी से शुरू हुई, उस दिशा को हमने छोड़ा नहीं। जब भी हमारी सरकारें रहीं, हम उस दिशा में कदम से कदम मिलाकर, कदम बढ़ाकर आगे चलते रहे और हमने लोकतंत्र को मजबूत किया। हमने लोगों में आस्था पैदा की कि नहीं, इस देश के लोकतंत्र को सिर्फ वोटों की राजनीति के कारण बदला जा सकता है। अगर आप देखें तो हमारे साथ या हमारे बाद जो देश आजाद हुए, शायद वे इतनी दूरी तक अपने लोकतंत्र को नहीं ले जा सके। आज सौ करोड़ के हिंदुस्तान में चुनाव के जरिए लोग अपनी राय से किसी भी ताकतवर आदमी को हरा सकते हैं और जिता भी सकते हैं। यह हमारा सबसे बड़ा अचीवमेंट रहा और यह भावना कांग्रेस ने अपनी सरकार के द्वारा हमेशा पूरा करने की कोशिश की है। इंदिरा गांधी के बाद राजीव गांधी ने कई कदम उठाए। उन्होंने यह देखा कि हमारा भविष्य किसमें है, हमें किस ओर जाना चाहिए। क्या हम सिर्फ रोटी, कपड़ा और मकान तक सीमित रह जाएंगे? उनको देने के साथ-साथ दुनिया में हमारी साख कैसे बने? हम किन मुद्दों के साथ अपने आपको जोड़ना चाहते हैं- इसीलिए उन्होंने computerization शुरू की और और भी बहुत सारी स्कीमें शुरू कीं। उन्होंने नौजवानों को छुआ। उन्होंने 18 साल के नौजवानों को voting right दिया और यह कहा कि ये हमारे भविष्य हैं। आज वही नौजवान हिंदुस्तान में तकरीबन 50-60 प्रतिशत 25 साल और उसके नीचे के हैं, जिनके हाथों में हमारा भविष्य है और जिनके लिए आज हमें काम करना है, जिनके लिए हम स्कीम बना रहे हैं, और जो दिशा दे रहे हैं, वह उनके लिए दे रहे हैं, ताकि आगे के लिए हमारा भविष्य सुरक्षित रहे।

आज हिन्दुस्तान आर्थिक रुप से मजबूत है। आज पढ़े-लिखे लोगों की कोई कमी नहीं है। मजबूत बैंकिंग सैक्टर है, स्थिर सरकार और मजबूत कानून-व्यवस्था है। संयुक्त राष्ट्र और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दुनिया में हमारी भागीदारी बढ़ी है। ये वे मुद्दे हैं, जिनकी वजह से आज हमारी साख अच्छी है और हम यह कहते हैं कि हमारा देश मजबूत है, सुरक्षित है, अच्छा है और ताकतवर है। शायद इन्हीं मुद्दों को देखते हुए हमारी सरकार ने पिछले 5 सालों में अलग-अलग लोगों के लिए काम किया, जो अलग-अलग सामाजिक दायरे हैं, उनके लिए काम किया, जो लोग हमारे देश को अन्न देते हैं, उनके लिए काम किया। काम वे, जो रोजगार देते हैं, जो production पैदा करते हैं। सरकार ने उनकी तरफ ध्यान देकर अलग-अलग मुद्दों पर उनके लिए काम किया और उनकी भलाई के लिए काम किया।

सर, सबसे पहले मैं किसानों का मुद्दा उठा रहा हूं। मैं जो मुद्दे उठा रहा हूं, वे वहीं मुद्दे नहीं हैं, जो पिछले 50-60 सालों से चले आ रहे हैं। 5 साल के अंदर यूपीए की सरकार ने जो नए मुद्दे उठाए हैं, जो नए आयाम कायम किए हैं, जो नए बिन्दु उठाए हैं, मैं उनकी ओर सदन का ध्यान दिलाना चाहता हूं। सबसे पहले जो हमारा कृषि का क्षेत्र है, जो हमारा किसान है, वह किसान गरीब है, कमजोर है। वह वही किसान है, जो हमें पैदावार देता है। वह वही किसान है, जो हमारी परेशानियां होती हैं, atmosphere की जो परेशानियां होती हैं, उनसे जूझता है। इसके बावजूद वह काम करता है और हमारे लिए पैदावार देता है, हमें अन्न देता है। पहले भी कई बार उनका आह्वान किया गया, लेकिन इस बार हमारी सरकार ने पिछले साल उनके 76 हजार करोड़ के कर्ज़े माफ किए। सब बहुत परेशान थे, आत्महत्याएं हो रही थीं और शायद हर व्यक्ति, जो हिन्दुस्तान में रहता है, उसके मन में उनके लिए पीड़ा थी। इस पर सरकार ने सोचते हुए एक अच्छा कदम उठाया। इसलिए हमारी जो राष्ट्रीय कृषि नीति थी, उसको और बढ़ावा देने के लिए उसने और कई बिंदुओं पर काम किया। उनमें से राष्ट्रीय कृषि विकास योजना एक है, जिसमें सरकार ने 25 हजार करोड़ रखे। उसने निवेश में 300 प्रतिशत की वृद्धि की, किसानों को कर्ज दिया और उसके

साथ-साथ minimum support price भी बढ़ाई। उसने खेतिहर मजदूरों को ज्यादा पैसे देने की तरफ कदम उठाया। उसने अपन खाद नीति पर ध्यान दिया, ताकि किसानों को बराबर खाद मिल सके। उनको परेशानी न हो, इसलिए उस नीति में सुधार करते हुए उन्होंने उसकी supply सुनिश्चित की कि उनको खाद की कमी न रहे और वह खाद उनको बराबर मिले, ताकि पैदावार में कोई कमी न रहे और वह खाद उनको बराबर मिले, ताकि पैदावार में कोई कमी न आए। इसी तरह सरकार ने किसानों के लिए सिचाई की तकरीबन 14 योजनाएं शुरु की और उनके माध्यम से यह कोशिश की कि हम जिस पैदावार के भरोसे रहते हे, जिससे किसानों को भी फायदा हो, देश को भी फायदा हो, ये वे कुछ बिन्दु थे, जिनके ऊपर उसने किसानों के दिल को छूने की कोशिश की और उस ओर उसने काम किया।

सर, इसके साथ-साथ राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना है। शायद यह दुनिया में पहला ऐसा काम है, जिसे आज से पहले किसी ने नहीं किया। आज के समय में किसी भी रोजगार की गारंटी देना बहुत अहम बात है, चूंकि आज सारी दुनिया में मंदी का दौर है। United States of America में कई बैंक फेल हो गए हैं, लेकिन हमारे यहां Social Welfare State है, जहां पर हम उन लोगों के लिए काम करते हैं, जो हिंदुस्तान के गरीब लोग हैं और जिनको दो वक्त की रोटी के लिए भी परिश्रम करना पड़ता है। उनकी तरफ देखते हुए, यह सरकार ने एक बहुत अच्छी स्कीम निकाली है, जिसमें उन्होंने उस गरीब आदमी को तकरीबन 100 दिन का रोज़गार देने के लिए कहा है। इसमें लगभग 55% SC-ST लोगों को काम मिला और तकरीबन 46 लाख काम इस योजना के तहत शुरू किए गए। सरकार के द्वारा इस योजना के अंदर करीब 30,000 करोड़ रुपये रखे गए।

मेरा तीसरा बिन्दु नया है, वह है, "जवाहरलाल नेहरू नेशनल अर्बन रिन्यूअल मिशन"। सर, जिस समय हमें आजादी मिली थी, उस समय और आज के समय मे बहुत फर्क है। उस समय के गांवों और शहरों एवं आज के गांवों और शहरों मे बहुत फर्क है। अगर हम यह चाहते है कि हमारी सारी जनता साथ-साथ रहे, अगर हम चाहते है कि शहरों में सभी लोग अच्छे हालात में रहें, तो उसके लिए जरूरी है कि हम यह देखें कि उनको पूरी सुविधाएं मिलें। सिर्फ एक शहर के आगे बढ़ जाने से हिन्दुस्तान तरक्की के रास्ते पर आगे नहीं बढ़ सकता अथवा उसकी साख नहीं बढ़ सकती। इसीलिए सरकार ने जवाहर लाल नेहरू नेशनल अर्बन रिन्यूअल मिशन के अंदर तकरीबन 40,000 करोड़ रुपये रखे, जिससे 63 शहरों को फायदा मिलेगा और उनमें काम शुरु हो सकेगे। हमारे यहां पर जो शहर के लोग है, उनको इसका फायदा मिलेगा। तकरीबन 4 या 5 और प्रदेशों में मेट्रो सेवा चालू होगी, जिस प्रकार से दिल्ली में है और जिसकी आज बहुत सख्त जरूरत है। जिस तरह से दिन-प्रतिदिन ट्रैफिक बढ़ रहा है, बगैर मैट्रो के शायद हम उससे कभी नहीं निपट सकते हैं। दुनिया के तक़रीबन हर बड़े शहरों के अंदर मेट्रो है। आज दिल्ली मे जो मेट्रो बनी, कांग्रेस की सरकार ने सबसे पहले उसकी शुरूआत की और उसके बाद अब वह अन्य प्रदेशों में भी जाएगी और इससे लोगों को और भी ज्यादा फायदा होगा।

एक योजना सस्ते मकान बना कर देने की है। हमारे यहां जो गरीब आदमी है, जो झुग्गी-झोंपड़ी मे रहते हैं, जिनके पास साधन नहीं है, वे इतना पैसा कहां से कमाएं कि अपने लिए मकान बना सकें। जिस तरह से बड़े शहरों में मकानों के दाम बढ़ रहे हैं, उन दामों में कैसे वे अपने रहने के लिए छत मुहैया करवा सकें? सर, जहां हम ऐसे लोगों को रोटी और रोजगार देना चाहते हैं, वही उन लोगों को रहने के लिए छत देना भी जरूरी है और उसके लिए जरूरी है कि हम उनको उनके हालात पर न छोड़े। इसके लिए, ऐसे लोगों को सस्ते मकान देने के लिए सरकार पैसा लगाएगी, सरकार उसमें उनकी इंस्टॉलमेंट का कुछ हिस्सा भी देगी और जो गरीब बस्तियां हैं, वहां उनको नये

सिरे से नया मकान या फ्लैट बनाकर देगी, ताकि जिस तरह झुग्गी-झोंपड़ी में आज लोग रहते हैं, उन हालात में वे न रहें और इसके लिए उनकी तरफ देखना बहुत जरूरी है। वे भी हमारे नागरिक हैं, हमारे दोस्त हैं, उन्हीं से वोट मांग कर हम यहां आते हैं, इसलिए यह जो नई शुरूआत की गई है, इस पहल का मैं बहुत सम्मान करता हूं। मुझे बहुत खुशी है कि इस प्रकार के एक नए बिंदु को पहली बार शुरू किया गया है।

सर, इसी तरह से आरटीआई है। आरटीआई एक ऐसा माध्यम है, जिसके द्वारा जनता का कोई भी साधारण आदमी यह जान सकता है कि हमने कब, क्या फैसला लिया, किसने लिया अथवा क्यों लिया। यह कार्य बहुत जरूरी था। अगर हम फाइलों को बंद कर देंगे तो शायद उस आदमी के अंदर वह विश्वास कभी पैदा नही हो सकता कि हम क्या करना चाहते हैं और क्यों करना चाहते हैं। फिर फाइलों को दबा कर रखा भी क्यों जाए? एकाऊंटेबिलिटी होनी चाहिए। कोई फैसला क्यों लिया गया, इसके माध्यम से उसकी जवाबदेही होगी और अगर हम बन्द फाइलों में से इन चीजों को निकाल कर आम आदमी के हाथ में दे देंगे, तो इसके माध्यम से हम आम लोगों को यह मालूम करने की ताकत दे रहे है कि तुम फैसला तो नहीं ले सकते, लेकिन कोई फैसला क्यों लिया गया, इसे तुम मालूम कर सकते हो। यह हमारी सरकार का बहुत अहम बिन्दु है, जिसे हमने शुरु किया है। एक तरह से यह empowerment of citizen है, जिसके माध्यम से हमने उसके हाथ में यह ताकत दी है कि वह हमसे सवाल कर सके, हमारे फैसलों के अंदर क्या चीज़ क्यों हुई है, उसे मालूम कर सकें। यह एक बहुत बड़ा हथियार हमने उनको दिया है।

सर, श्री जवाहरलाल नेहरू जी के समय से हमारी सरकार की पुरानी नीति रही है, चन्द्रमा पर जो चन्द्रयान गया और वहां पर उसने हिन्दुस्तान का झंडा फहराया, उसके लिए मैं अपने वैज्ञानिकों को भी मुबारकबाद देना चाहता हूं। इसी के साथ ही हमारे साइंटिस्ट्स ने जो उपलब्धियां हासिल की हैं, उनसे अब यह कहा जा सकता है कि वे सिर्फ चंद देशों तक ही सीमित नही रही हैं, उनसे अब कहा जा सकता है कि वे सिर्फ चंद देशों तक ही सीमित नहीं रही है, अब हिंदुस्तान भी उस लाइन में उनके साथ खड़ा है। आज हमारे यहां भी लांचिंग पैड्स हैं, हमारे साइंटिस्ट्स भी दुनिया में नाम कमा रहे हैं और उनके अंदर कहीं किसी तरह की कमी नही है। सरकार भी आज उनको बढ़ावा दे रही है और यह उसी बढ़ावे का नतीजा है कि हमारा चंद्रयान गया। मैं उसके लिए भी सरकार को मुबारकबाद देना चाहता हूं।

सर, आतंकवाद से मुकाबला करने के लिए सरकार ने जो मजबूत कदम उठाए हैं, मैं उनकी भी सराहना करना चाहता हूं और उसका जिक्र महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में भी है। सर, आतंकवाद सिर्फ हमारे देश का मुद्दा नहीं है, आज सारी दुनिया में यह एक ऐसा मुद्दा है जिससे सब परेशान हैं। सर, 19/11 हुआ या हमारे यहां 26/11 हुआ, वह बड़ा ही घृणित कार्य था जिसे कोई भी पसंद नहीं करता। यहां जो कुछ हुआ उसकी पूरे हिंदुस्तान ने एक स्वर से, एक नीयत के साथ भर्त्सना की। हरेक ने यह कहा कि गलत हुआ और जिसने भी किया उसके खिलाफ सख्त-से-सख्त कार्यवाही होनी चाहिए। सर, हिंदुस्तान की सरकार का जो रवैया रहा, उसकी जो तेजी रही, उसी के कारण पाकिस्तान को यह मानना पड़ा कि इस षडयंत्र का कुछ हिस्सा उसकी धरती से शुरु हुआ और उसकी वहां पर प्लानिंग हुई। सर, हिंदुस्तान हमेशा कड़े-से-कड़े शब्दों में आतंकवाद की निंदा करता रहा है, लेकिन सिर्फ शब्दों को कहने भर से हम यह काम पूरा नहीं करना चाहते क्योंकि अगर इस बुराई को खत्म करना है तो हमें सब को साथ लेकर निंदा भी करनी चाहिए और ऐसे कदम भी उठाने चाहिए और वे कदम हिंदुस्तान की सरकार ने यह सोचते हुए उठाए कि अगर हम आज जाग जाएंगे और अपने देश को सुरक्षित रखने के लिए आज नेशनल इनवेस्टीगेशन एजेंसी का गठन किया गया और एन. एस. जी. के सेंटर्स अलग-अलग प्रदेशों में खोले जा रहे हैं।

सर, यह एक अच्छा सराहनीय कदम है। हम उन्हे पैसा दे रहे है, उन्हें मजबूत बना रहे है, लेकिन जब पार्लियामेंट पर अटैक हुआ शायद उस समय हम ये कदम उठाते, अच्छी सोच के साथ मजबूत इरादे दिखाते और पार्लियामेंट पर अटैक के समय यह सोचते कि हम एक बड़ी खतरनाक स्थिति में आ गए हैं क्योंकि वे पार्लियामेंट तक आ गए थे, अक्षरधाम मंदिर और कई ऐसी जगहों पर अटैक हुए, अगर उस समय हम कदम उठाते, अच्छी सोच के साथ अपने मजबूत इरादे दिखाते तो शायद 26/11 हिंदुस्तान में कभी न होता। ...(**व्यवधान**)... प्लीज़ जब आप बोलेंगे, मैं नही बोलूंगा।

श्री रवि शंकर प्रसाद (बिहार) : हम आपको बड़ा सम्मान करते हैं, लेकिन अफ़जल को फांसी हो चुकी है, उसका implementation करा दीजिए।

श्री जय प्रकाश अग्रवाल : मैं आपकी तारीफ करने तो नहीं खड़ा हुआ, मैं तो अपनी सरकार की तारीफ करने खड़ा हुआ हूं।

सर, मैं समझता हूं कि सरकार ने जो कदम उठाए हैं, ये बहुत अच्छे और मजबूत कदम हैं और इन्हीं कदमों के साथ, इन्हीं भावनाओं के साथ हम आतंकवाद का मुकाबला करेंगे। सर, मैंने शायद "इंडिया टुडे" में एक अर्टिकल पढ़ा था जिसमें उन्होंने अलकायदा के बारे में लिखा था कि आज हमें बहुत चौकस रहने की जरूरत है क्योंकि वे हमारे बॉर्डर से सिर्फ सौ किलोमीटर की दूरी पर हैं। तो मैं आशा करता हूं और सरकार ने जो कदम उठाए हैं, वे यह सोचकर उठाए है कि आगे ऐसी घटना न हो इसके लिए पूरे प्रयास किए जाएं। सर आज की आतंकवाद की घटनाओं में और पहले के 5 सालों की घटनाओं में बहुत फर्क है। जम्मू-कश्मीर में और पूरे हिंदुस्तान में जो घटनाएं पहले 5 सालों में हुईं और अब के 5 सालों में हुईं, आप उनका पूरा ब्योरा देख लें तो पाएंगे कि नयी सरकार आने के बाद जिस तरह से हमने इन चीजों को लिया, उससे उनमें कमी आयी है। मैं आशा करता हूं कि आतंकवाद के मुद्दे के ऊपर सब लोग इकट्ठे होकर उसका मुकाबला करेंगे। सर, हम सब भारतीय हैं और हमारी इस देश के प्रति भावनाएं हैं। हम इसे गिरते हुए नहीं देखना चाहते। किसी की भी बुरी नजर का हम डटकर मुकाबला करना चाहते हैं। हम शांति प्रिय भी है और उसी लहजे के साथ आगे बढ़ना चाहते हैं।

सर, एक और चीज़ जो पहले कभी नहीं हुई, वह यह कि जो नेशनल सफाई कर्मचारी, Finance Development Corporation है, जो हमारे गरीब भाई है, उनके लिए पैसा रखा गया है कि उनके बच्चों को स्कॉलरशिप दी जा सके, उनको व्यवस्थित किया जा सके और उनको आर्थिक रुप से सहायता दी जा सके ताकि वह औरों से पीछे न रह जाएं। उनके लिए काम करना भी हमारी प्राथमिकता रही है।

सर, इसके साथ-साथ शिक्षा के बारे में हमारी सरकार ने पिछले पांच सालों में जो किया, उसके बारे में महामहिम राष्ट्रपति जी ने कहा है। बगैर शिक्षा के शायद हम तरक्की नहीं कर पाते। हमारे जो टीचर्स हैं, जो हमारे साइंटिस्ट्स हैं और वे लोग जो एमबीए करके, पोस्ट ग्रेज्युएट कोर्सेज़ कर रहे हैं, दुनिया में आज उनका नाम है और आज उनको हर जगह बड़ी तरजीह दी जाती है। हमारी आईटी इंडस्ट्री का बहुत नाम है और इसीलिए सरकार ने जो Right to Education Bill लाया, उसके द्वारा उसने 6 साल से 14 साल के बीच के बच्चों को free education देने का अपना संकल्प दोहराया। सर्व शिक्षा अभियान द्वारा 18 करोड़ बच्चे जो स्कूल जा रहे हैं, उनको मूलभूत सुविधाएं देने के लिए कदम उठाए गए। मिड-डे मील स्कीम के द्वारा बच्चों को आकर्षित किया गया ताकि वे पढ़ाई की ओर और अधिक अग्रसर हों। इसके साथ ही जैसा हमने बजट में और 11th Five Year Plan में उल्लेख किया है कि हमने

500 आईटीआईज अपग्रेड की हैं। 15 नई सेंट्रल यूनिवर्सिटीज चालू की हैं, नये कॉलेजेज़ खोले हैं। 6 नई आईआईटीज़ चालू हुई हैं और दो और चालू होने वाली हैं। 20 नये Institute for Information and Technology हैं। 7 नये आईआईएम्स हैं। Architecture of Planning के दो नये स्कूल्स हैं। हमारे जो डॉक्टर्स, इंजीनियर्स और साइंटिस्ट्स हैं, उन्होंने जिस तरह से काम किया है, जिस तरह साख बनाई है. उसमें उनको सरकार की पूरी मदद मिलती है। आज जहां हम रोटी और कपड़े की बात करते हैं, वही हम शिक्षा की भी बात करते हैं। महामहिम राष्ट्रपति जी ने भी यही दिशा अपने अभिभाषण के अदंर कही है और सरकार की जो दिशा पिछले पांच वर्षों में रही है, वह भी उसी भावना से रही है।

(उपाध्यक्ष (प्रो. पी. जे. कुरियन) पीठासीन हुए)

इंदिरा आवास योजना, जिसमें गरीब आदमी को 60 लाख घर बनाकर देने का हमने प्रावधान रखा, उसमें 60 लाख घर बन गये हैं और हमें उनको अलॉट कर रहे हैं। इसमें 14 लाख घर और भी बनाने का प्रावधान है। सर, यह वह गरीब आदमी है जिसके पास पैसा नहीं है, जिसके पास पैसा हो भी नहीं सकता, क्योंकि वह जिस स्तर पर है, उस स्तर से उसको बढ़ने का तभी मौका मिलेगा, जब सरकार उसकी पूरी मदद करेगी। सरकार का मतलब होता है कि जिसे रोटी, कपड़ा और मकान की आवश्यकता है, उसे हम व्यवस्थित रूप में दे सकें ताकि उसके अंदर हमारे लिए काम करने का जज्बा रहे, वह और आगे बढ़ सके और उसे opportunity मिल सके।

इसी तरह, हमने 6th Pay Commission में 45 लाख सरकारी कर्मचारियों और टीचर्स के पे-स्केल्स को बढ़ाकर उनको फायदा पहुंचाने की कोशिश की है।

सर, minorities के लिए एक नई मिनिस्ट्री इस सरकार के द्वारा खोली गई और उसमें National Commission for minorities has been made constitutional body. National Commission द्वारा जो हमारे Minority educational institutions हैं, उनको legal right दिये गए कि वे किसी भी यूनिवर्सिटी के साथ affiliate कर सकें। उनको यह अवसर दिया गया कि उनके जो स्कूल्स है, बच्चे हैं, जो छोटी संस्थाएं है, उनको बड़ी यूनिवर्सिटी के साथ जुड़ने का मौका मिले और वे भी दूसरे बच्चों के साथ उसी में पढाई कर सकें और आगे बढ़ सकें। इसी तरह, हमने तकरीबन 8 लाख बच्चों को स्कॉलरशिप देने का प्रावधान रखा है और यह गिनती आगे 40 लाख तक जाएगी।

सर, मैं कॉमनवेल्थ गेम्स के बारे में कहना चाहता हूं, जिसका जिक्र उसमें है। सर, पहले भी "एशियाड-82" दिल्ली में हुआ था और आज हम फिर कॉमनवेल्थ गेम्स की तरफ जा रहे हैं। इसके लिए समय बहुत कम है और सरकार जो कदम उठा रही है, कॉमनवेल्थ गेम्स आरंभ होने तक वे कार्य पूरे हो जाएंगे। इसके लिए जो infrastructure तैयार करने है, उसके लिए भी हम काफी काम कर रहे हैं। हमारी वे योजनाएं होंगी और गेम्स बहुत अच्छी तरह से पूरे हो जाएंगे। लेकिन क्या जो हमारी Sport bodies है, जो हमारे खिलाड़ी हैं, हमारी performance कैसी होगी, क्या वे उसके लिए तैयार है, क्या उनकी तरफ सरकार का पूरा ध्यान है, क्या सरकार जितना पैसा उनको चाहिए, दे रही है, क्या वे खिलाड़ी जो प्रशिक्षित किए जा रहे हैं. उनकी तरफ उन bodies का पूरी तरह से ध्यान है? यह एक बहुत बड़ा event होने वाला है और मैं आशा करता हूं कि सरकार ने जो कदम उठाए है, वे बहुत अच्छे कदम है और उनके द्वारा ये games भी होंगे और हमारे खिलाड़ियों की performance भी अच्छी होगी और वे हमारा झंडा बुलंद करेंगे।

सर, आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने गंगा नदी को राष्ट्रीय नदी घोषित किया है, इससे सफाई अभियान में जो दिक्कतें थीं, वे दूर होंगी। गंगा नदी हमारी life-line भी है, हम उसका आदर भी करते हैं, उसके लिए हमारे मन में बहुत भावनाएं हैं। श्री राजीव गांधी जी ने भी पहले उसके लिए एक बार शुरुआत की थी और मैं आशा करता हूं कि सरकार ने जो कदम उठाए हैं, वे अच्छे और मजबूत होंगे। इसके साथ-साथ कई और भी मुद्दे और योजनाएं हैं, जैसे सरकार ने असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा अधिनियम बनाया, SC, ST अधिनियम बनाया, आम आदमी बीमा योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय बीमा योजना, राष्ट्रीय बागवानी मिशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, उर्वरक विदेश निगम for fertilisers, ग्रामीण सड़क कार्यक्रम, राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतिकरण योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण हेल्थ मिशन, स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना, अल्ट्रा मेगा पावर प्रोजेक्ट, भारत निर्माण, राजीव गांधी रूरल ड्रिंकिंग वाटर मिशन, SEZ, रेलवे का विस्तार, नए हवाई अड्डे आदि।

सर, हम जो कदम उठा रहे हैं उनसे हिंदुस्तान की साख बढ़ी है। हम अच्छी दिशा में जा रहे हैं, हमें हमारी दिशा का ज्ञान है। हमारे मन में जज्बा है, संकल्प है। हम अपने रास्ते को पहचानते हैं, हम नारा देकर सरकार नहीं चलाते। हमारे मन में सिर्फ सेवा और विकास की भावना होती है। हम जब भी कोई चुनाव लड़ते हैं तो हम सिर्फ इन्हीं दो मुद्दों को बार बार कहते हैं, हम इसके अलावा कोई दूसरी चीज नहीं कहते। लेकिन एक विषय है, आज सेंटर-स्टेट रिलेशन्स पर एक लम्बी बहस होनी चाहिए, आज इस बारे में बहस करने का समय है, क्योंकि बहुत सारा पैसा जो केन्द्र से सरकारों की ओर जाता है, शायद वह पूरा खर्च नहीं होता या सही दिशा में नहीं लगता। क्या हमारा कोई ऐसा कानून है, किस तरह से हम इसको ठीक कर सकें या किसी भी स्टेट के अंदर अगर कोई परेशानी होती है, तो हम उसे ठीक कर सकें। जैसे गुजरात में हुआ, वहां हमारी माइनॉरिटीज पर अत्याचार हुए, उस तरह की अगर कोई चीज कभी भी, किसी भी जगह होती है, तो क्या सेंटर चुपचाप उसे देखता रहेगा? हम यहां सिर्फ राजनीति नहीं करते, हम यहां अपने देश को आगे बढ़ाने के लिए भावना से काम करते हैं, जिन लोगों ने इस देश के लिए खून दिया, इस देश की आजादी के लिए खून दिया, उन्होंने क्या सोचकर खून दिया था कि कैसा भारत बनाएंगे और आज जब कांग्रेस की सरकार आती है, कांग्रेस समर्थित लोगों के साथ जुड़कर सरकार आती है तो लोग यह सोचते हैं कि हम इस तरह के कायदे कानून बनाएंगे, ताकि हमारी दिशा गलत न हो, ताकि हम किसी दूसरे रास्ते पर न निकल जाएं, ताकि हमारा देश कमजोर न हो। जब सब एक साथ चलेंगे, तब देश मजबूत होगा। अगर हिन्दू, मुसलमान, सिख, ईसाई एक साथ रहेंगे तब देश मजबूत होगा। कई बार छोटे फायदे उठाने के लिए जो कोशिश की जाती है, वह फायदा लम्बी दूरी की सोच नहीं हो सकता। अगर हम यह सोचते हैं कि हमें अपने देश को दुनिया में एक ताकत बनाना है, आगे ले जाना है तो यह जरूरी है कि हम मन साफ करें, सोचें कि हमें कौन सा रास्ता अख्तियार करना चाहिए जो दुनिया में हमारे लिए नाम पैदा करेगा। कांग्रेस की सरकार, हमारी सरकार हमेशा मजदूर का ध्यान रखती है, गरीब आदमी का ध्यान रखती है, उस आदमी का ध्यान रखती है, जिसके पेट में रोटी नहीं है और उसको साथ लेकर वह हिंदुस्तान का झंडा दुनिया में बुलंद करती है। आज कोई विषय ऐसा नहीं है, जिसमें हम पीछे रहे हों या दुनिया में कहीं कमजोर रहे हों।

इन्हीं शब्दों के साथ, मैं महामहिम राष्ट्रपति जी का, जो उन्होंने संदेश दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं। बहुत-बहुत धन्यवाद।

SHRI SHANTARAM LAXMAN NAIK (Goa) : Sir, I stand here to second the Motion moved by my collegue, Shri Jai Prakash Aggarwalji. I also congratulate the President of India for making an exhaustive speech, which lasted, practically, one hour and fifteen minutes. Yet, some of our

Members found some flaws in the speech. In fact, I would like to refer to the hon. Member's objection which was raised initially. If they find that something is lacking in the Address, rules are very clearly provided for that. Under Rule16 of the Rules of Procedure of this House, amendment may be moved to the Motion of Thanks in such form as may be considered appropriate by the Chairman. So, many amendments have been moved, including the one moved by Dr. Murli Manohar Joshiji...*(Interruptions)*... The hon. Member, who has raised the objection, could have moved an amendment for that purpose.

Sir, since Independence, this country has progressed tremendously. We have thousands of castes, many languages and diverse cultures. We face floods, practically every year, and, annually, we have to invest crores of rupees for preventing floods, earthquakes and tsunamis. Despite these facts, our country has marched ahead. Other economic have collapsed in such circumstances. A slight jerk in the economy makes even the developed countries collapse. We have witnessed this recently. But our country has progressed tremendously despite all these things.

Many people belonging to the weaker section of our society have risen above the poverty line. But, there are many people who are below the poverty line. They face the situation boldly and we must appreciate that. In all the circumstances, they face the situation boldly and their courage has to be appreciated. I remember a line from a Hindi film which I heard long, long back. This shows the sort of enthusiasm or determination which our children have. It says, "भीख में जो मोती मिले, तो भी हम न लेंगे, जिदगी के आंसुओं की माला पहनेंगे।" This has been the objective of the younger generation since then. Therefore, we have to took into the problems of those who are still below the poverty line. I was referring to Dr. Murli Manohar Joshi's amendment. I find that the entire thinking is negative. I don't know why it is like that. And amendment has been moved to say that ...*(Interruptions)*...

DR. MURLI MANOHAR JOSHI (Uttar Pradesh) : Sir, these amendments have not yet been moved.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P. J. KUREIN) : Yes, they have not yet been moved.

SHRI SHANTARAM LAXMAN NAIK : But, notice is there. It has been circulated to us. What I am saying is that the entire appraoch in moving these amendments to the Motion is very, very negative. Why should the Opposition have a negative approach?

DR. MURLI MANOHAR JOSHI : Sir, we are here to point out the defects of the speech. Therefore, they can't be positive, they have to be critical. And, they are critical.

SHRI SHANTARAM LAXMAN NAIK : When will I get the opportunity to address them? I can't address them after my speech is over. Therefore, Sir, if I have received this, I have to refer to them

now. All that I want to say in one line is that the entire approach is negative. The points which I mentioned are very trivial.

This is not a Budget Speech. The President of India does not give a Budget Speech to include each and every item. Therefore, these amendments don't stand anywhere. This only shows the negative thinking on the part of one of the Members of this House.

I now come to inflation. It had risen to 12 per cent. We were humiliated for about one year by the Opposition. Although inflation rose because of certain international factors, we were humiliated. But, today; by the month of January, we succeeded in bringing it down to 5.6 per cent. During their time, the could not control inflation. When the economy wet down , you sold gold. The country's gold was sold. This is how you managed the economy when such a situation arose. Now, you are humilating the Government for high rate of inflation, but what did you do? Did you not sell the gold, the treasure of this country? Sir, we have given several important legislations to the country and one of the important legislations is the Right to Information Act. This has given right to a common man to look into the working of the Government.

DR. MURLI MANOHAR JOSHI : Sir, just now the hon. Member said that gold was sent abroad. That was sent by the Government which was presided over by late Shri Chandrashekharji and supported by Congress.

SHRI SHANTARAM LAXMAN NAIK : Sir, I was referring to the Right to Information Act. This is historical, revolutionary legislation, which has given power to the common man to look into the affairs of the Government in very, very transparent manner. If a road is being constructed. I can take a sample from the road and see whether that is being constructed as per the standards laid down for the construction of roads. If a school is being built, I can go there and take samples. I can have any document today. I would even say that the Right to Information Act has given every citizen the status of an MLA or an MP.

(MR. DEPUTY CHAIRMAN in the Chair.)

You may find this as an exaggeration. Because the Right to Information Act says, "the information which cannot be denied to an MP or MLA in the House cannot be denied to the applicant under Right to Information Act." Therefore, to that extent, the status of an average applicant under the Right to Information Act is like an MP or an MLA. This is the type of legislation that we have given to the country. The President of India has rightly referred to the concept of *अतिथि देवो भव:* Sir, billions of foreign tousists come to India. We had 3.6 billion in 2008. The figure rose to 5.37 billion in 2008. The earnings were $ 6.17 billion in 2004. They went up to $ 11.75 billion in 2008. But, Sir, whenever foreign tourists come, the job of driving them away, creating scare among foreign tourist, is done by Ram Sena, Bajrang Dal and Vishwa Hindu Parishad. In all their policies, their objective is to drive any foreigner who comes to India. I am not giving examples. But these people or members of the Association will go to Goa, enjoy in five-star hotels, enjoy all the luxuries and indulge in all those

things which they are today objecting to on the streets. This is the dual policy of these Associations. Sir, everybody will agree that the National Rural Employment Guarantee Act is, again, a historic Act. The world is watching the implementation of this Act. We are not going, I would say, by that fast speed, but 3.4 crore of rural households were provided jobs in 2007-08. About 55 per cent of these belong to SC/ST community and 49 per cent were women. About 83 per cent of the work undertaken in 2008-09 was in the field of water conservation, irrigation and land development, as the President herself said in the Presidential Address. I again say that the world is opposing us. How dare you oppose such a legislation? Time and again, we have seen that in various debates you have been humiliating, ridiculing this Bill on the ground that there will be corruption. You do not have objection in substance. You are only saying that people will eat money. *Sarpanchs* will take money, Zila Panchayat members will take money, and so on. But, in substance, you have no ground to object to such a legislation. Again, I am referring to another historic legislation. It consists of three things. It comprises of the Land Acquisition (Amendment) Bill, Rehabilitation and Settlement Bill and a policy. So, there are two legislations and one policy. These three things are so exhaustive that in a matter of land acquisition, as and when it becomes a law, it will be a historic thing.

How could land acquisition be done with a human approach? I am taking of the human approach because before a large tract of land is acquired, a social impact assessment is called for; it is provided for here. If there is a house in a plot of land of which a person has been deprived of, at present the practice is to assess the house, assess the land, give him some money and forget it. This will not be the approach in future. The person will be given a plot of land to construct a house along with the required money. Those who are displaced from the agricultural land, land for cultivation will be given to them. This is the policy nad this is the provision in the Act also. At a place where factories are being constructed, priority will be given to such displaced persons in those jobs. Similarly, the Land Acquisition Act has been amended to bring in some changes. For instance, the definition of person interested has been changed because this makes a lot of difference where the rights of tribals, the rights of forest people are included. Then, land will be acquired only for public purpose; of course, some exception has been made as far as private acquisition is concerned. Otherwise, land will be acquired only for public purpose. Then, a mechanism has been provided. For instance, today thousands of land dispute cases are pending in District and Additional District Courts. But, here, a separate mechanism for resolving land disputes in a time-bound manner has been provided. Then, settlement proposals will be three. Suppose, a piece of land is required on an urgent basis; the person affected will be given temporary accommodation; he will not just be thrown out; he will be given that temporary accommodation till the settlement proposal comes in. Therefore, I am again saying that the Land Acquisition (Amendment) Bill, the Rehabilitation and Settlement Bill, the Rehabilitation Policy, all, are revolutionery in nature.

Sir, as has been pointed out by my colleague, Shri Jai Prakash Aggarwalji, the Prime Minister,

in his sppech last year, made certain announcements about the field of education. If we consider that package, it is going to do wonders in the field of education. Six thousand new high quality schools are proposed to be opened, one in each Block. This would serve as a model for other schools. Three hundred and seventy three colleges are going to be opened in districts, where there is no proper enrolment. Thirty universities are going to be opened. Eight new IITs, seven new IIMs, five new Institutes of Science and Research, ten National Institutes of Technology, 1000 new polytechnics, 1600 new ITIs, etc. are proposed to be opened. A gigantic programme for the education sector has been announced by the Prime Minister.

Then, Sir, I come to overseas Indians. The President of India has rightly referred to overseas Indians because their problems are also there. The Government of India has paid a lot of attention in the last two-three years to them. Twenty-five million diaspora spread across the world comes to India; they have their problems. They are being provided scholarships now. You have the creation of an India Development Foundation, the establishment of a Council for Promotion of Overseas Employment and an Overseas Workers Resource Centre, People of Indian Origin, Non-Resident India University, etc. So, the Indian diaspora are going to play an important role in our country's activities and we have to pay attention to them and the President of India, rightly so, has paid attention to them.

In the energy sector, Sir, we have now an integrated energy policy. Mines and Minerals (Regulation and Development) Act has been amended to have transparency in allotting coal blocks. The Nuclear Power Energy Programme is well known and well discussed in the House. They have been opposing it all the time as their approach has been negative. They did not want the credit to go to the Congress Party. We are not opposed to it. We shall bring it in a renewed form and renegotiate it with America.

Sir, we re-negotiated it. As far as our security is concerned, we are all concerned equally what happened in Mumbai. It is shocking and surprising. When we want to have a solution of a problem, we have to face it. There are people inside supporting openly Pakistan. As per our law, confession before police is not admissible as evidence admittedly, but it constitutes a prima facie evidence for any purpose. If we referred our dossier to Pakistan, there is nothing wrong in it. But Pakistan Administration said when this is not acceptable in your country as evidence, why should we look into it. This is what they said. The same thing, in a public meeting, hon. Chief Minister of Gujarat is quoting it...*(Interruptions)*... People clapped; people laughed...*(Interruptions)*

SHRI BALBIR PUNJ (Orissa) : It is a complete distortion of facts ...*(Interruptions)* He is referring to the Chief Minister of Gujarat ...*(Interruptions)*...

SHRI SHANTARAM LAXMAN NAIK : I have seen it on TV. People were laughing...*(Interruptions)*... You humiliated India...*(Interruptions)*... You humiliated India by quoting what Pakistan said...*(Interruptions)*

MR. DEPUTY CHAIRMAN : Mr. Punj when your turn comes, only then you speak...*(Interruptions)*.. Nothing will go on record...*(Interruptions)* Nothing will go on record...*(Interruptions)*

SHRI SHANTARAM LAXMAN NAIK : Pakistan is giving the argument that अंदर के आदमी इनवॉल्व हैं, यहां के आदमी के बिना कुछ नहीं हो सकता। This is the argument...*(Interruptions)*... They quoted*...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN : Please don't take the name of the person who is not here in the House...*(Interruptions)*

SHRI SHANTARAM LAXMAN NAIK : Pakistan quoted* ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN : Please don't quote the name of the person who is not in the House...*(Interruptions)*

डा. प्रभा ठाकुर (राजस्थान) : सर ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति : आप क्यों बोल रही हैं?...(व्यवधान)... Mr. Naik, you have to follow certain rules ...*(Interruptions)*...

SHRI K. B. SHANAPPA (Karnataka) : ....*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN : Please sit down ...*(Interruptions)*... Please allow him to speak ...*(Interruptions)*... I have already said, name should not be taken. Wherever name is taken that will be expunged...*(Interruptions)*...

SHRI SHANTARAM LAXMAN NAIK : I am not quoting the name now. The Prime Minister of Pakistan was very happy. He was quoting that leader again and again by saying "हमें भारत से यह समर्थन प्राप्त हुआ है।"He is quoting the name on the National TV of Pakistan ...*(Interruptions)*...

श्री भगत सिंह कोश्यारी (उत्तराखंड) : सर, यहां राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा हो रही है या गुजरात सरकार पर चर्चा हो रही है, यह मेरी समझ में नहीं आ रहा है।

MR. DEPUTY CHAIRMAN : Mr. Naik there are another four Members from your party to speak.

SHRI SHANTARAM LAXMAN NAIK : Ultimately, they are frustrated. The economic plan has never been in their election agenda. The standard practice of these people is that six months before the election they will forget about any development, they will not talk about any development, they will raise some issue and, therefore, poor God Ram has now been brought into election. This is ultimately their entire thing. They don't believe in roads, in schools, in bridges or canals...*(Interruptions)*...

SHRI BALBIR PUNJ : What is he saying about ...*(Interruptions)*...

श्री शांताराम लक्ष्मण नायक : शान्ताराम मेरा नाम है, मेरे नाम में "राम" है, मेरे पिताजी का नाम लक्ष्मण है और मेरी माता जी का नाम सीता है, यह मैं आपको बताता हूं।

---

*Not recorded.

श्री बलबीर पुंज :*

MR. DEPUTY CHAIRMAN : Mr. Naik, you will not be able to complete your speech...*(Interruptions)*. Keshava Raoji...*(Interruptions)*

डा. प्रभा ठाकुर : सर, इन्हें माफी मांगनी चाहिए।...(व्यवधान)...

श्री उपसभापति : मि. नायक, आप इतना अच्छा बोल रहे हैं, विषय पर आइए। I Just reminded you of time...*(Interruptions)*

SHRI SHANTARAM LAXMAN NAIK : I am finishing within five minutes. You have got every right to project...*(Interruptions)*...

श्री बलबीर पूंज : वे क्या बोल रहे हैं, समझ में नही आ रहा है।...(व्यवधान)...

श्री उपसभापति : ठीक है, बाद में समझ लेना। ...**(व्यवधान)**...

श्री राजीव प्रताप रूडी (बिहार) : उनको हनुमान की गदा की जरुरत है। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति : ठीक है, अब आप बैठिए। ...**(व्यवधान)**...

SHRI SHANTARAM LAXMAN NAIK : They tried several methods. The person, who played Ram in TV Serial, contested; the one who was playing Sita also contested. They applied in these *hathkandes*.

श्री सीताराम येचुरी (पश्चिम बंगाल) : सब लोग मेरा नाम ले रहे हैं, मुझे भी बोलने दीजिए।...(व्यवधान)...

श्री उपसभापति : आपको तो खुश होना चाहिए। फिर आप रॉयल्टी लीजिए। ...**(व्यवधान)**...

SHRI SHANTARAM LAXMAN NAIK : In democracy, there is a procedure. M.P.s get elected and they elect the Prime Minister. But, their Prime Minister has been announced. They are not concerned about any parliamentary democracy. The Prime Minister is selected only after M.P.s of single-largest party assemble and the elect. But, their Prime Minister has been elected and announced; everything has been done. This is the type of Party they are having.

SHRI BALBIR PUNJ : We are not dependent on a family which will give us the Prime Minister.

Similarly, there was also a critical role played by the Left in stopping the Government from going ahead on many things which we thought were not in the country's interest. Those, unfortunately, again, did not find mension in the hon. President's Address. And, there are, at least, four areas which are important for us to note, because these relate, directly, to the impact of global economic recession which would have fallen on our country if we had allowed these four measures to be undertaken. The first was the full convertibility of Indian Rupee. The second was allowing foreign banks to takeover or get higher equity in Indian banks. The third was the privatisation of the Pension Funds. If that was done, along with the collapse of the world market, the life long savings of crores of Indians would have vanished. The fourth one was the increase of FDI cap in the insurance sector. If that had happened, with the collapse of the International insurance giants, you would have had a similar collapse here wiping off the lifelong savings of millions of our countrymen. On these four issues we had stopped this Government from going ahead. The hon. Preisdent refers in her Address to the fact that we have been able to withstand the global recession with much greater tenacity than many other countries. I repeat what I said earlier. I think, even if you calls us devil, the devil must be given its due, both for the positive things that have happend and the negative things that did not happen because of us. And, that is absolutely necessary to be noted which, unfortunately, does not figure in the President's Address. But, when we did withdraw our support, we withdrew it because there was a breach of the CMP on which we extended our support. And the breach occurred when the Government decided to go ahead with something which has not there in the CMP and that is the stretegic relationship or understanding with the USA on the basis of Indo-US Nuclear Deal. Now, that is not an issue on which we need to debate more, because our point of view is already known to the entire country. But, at that stage, we gave a warning and that is missing in the hon. President's Address. It is concerning the independence of our Foreign Policy. The independence of our Foreign Policy, the manner, which was also highlighted now by the hon. Leader of the Opposition, in which India ought to take its Foreign Policy positions on the basis of its own internal interests, is somehow being compromised. It is because of the strategic relationship with the USA. The CMP explicitly stated that we will have good relations with all the countries, including the USA, but will pursue an independent Foreign Policy. We will pursue a policy against the unilateralism in world politics and we will encourage multilateralism.

When that was brached, this situation had occurred and we had to withdraw support. But, unfortunately, as I said, how that was made up. We have seen that on the electronic media. We don't have to repeat it. But that is somethng, which I repeat again. That moral degeneration in our august House of the Parliament is something which all of us will have to cleanse collectively from our system. And, the absence of that in the President's Address is a matter of concern. In any case, we had warned then, we warn now, we had warned even earlier that all those who befriended the past US President have lost their jobs as the Prime Minister of various countries from England to Australia and other countries. But when our Prime Minister went and said that the whole India loved President Bush, there was a great sense of relief in the world when he was replaced and the new President took over in the United States of America. That relief was a collective relief of the world. And, that relief is also shared by the majority of Indians. Therefore, that sort of statement that we had that Indians loved George Bush was something not palatable and does not go well.

The bulk of the President's Address was concerned with the economic situation, the achievements of the Government in the economic sphere and the special emphasis that was made was on the question of inclusive growth. I think, has been a very serious omission in the President's Address -- of the grim reality in our country of widening economic disparity. I have stated this in this House earlier also, and I would like to repeat that we have two Indias in the making -- you have a 'Shining India' and, as opposed to that, you have a 'Suffering India', which is the majority of India. Our own hon. colleague, Shri Arjun Sengupta, had submitted a report to the Prime Minister where he had said that 78 per cent of the Indians live on less than Rs. 20/- a day. Now, if you calculate for a month that comes to about Rs. 600/- a month. The Planning Commission, today, I believe is revising its poverty estimates, which comes to about Rs. 400/- in rural India and Rs. 600/- in urban India. What does the Arjun Sengupta Committee Report tell us? It tells us that 78 per cent of the Indians are below the poverty line, as per Planning Commission's own new definition. But, yet, what do we announce to the world? We announce that we have a poverty line of 35.97 per cent, or, nearly 36 per cent. That is not the poverty line. That is the diestitution line. And, on the basis of the destitution line, the Government decides allocation of foodgrains for people below the poverty line. Crores of Indians are deprived of food today; crores of Indians suffer today because of these definitional problems and because of the illusion that the Government wants to create that poverty is actually reducing. For the bulk of Indians, today, the poverty level has, unfortunately, been rising. And, because of the global recession, now, that will become much worse in the days to come.

Look at the real health of our country. Every day, 1000 children die because of completely preventable disease, particularly, water-borne diseases. Thousand children a day! You have a situation where 56 per cent of our children do not get any vaccination or any protection; you have a situation where 40 per cent of our children are underweight; 70 per cent of our children are anaemic. I am quoting all this from the National Family Health Survey-III. They very clearly said that the

anaemia in our country is directly related to malnutrition. Nearly two-thirds of our pregnant mothers are anaemic. They are producing the future of India! And, this is the state of the future of India! This is the state of our mothers nad our children! And, if this is not a cause of concern, what else should be? Are we today happy tom-toming our economic achievements, while the bulk of India is actually suffering? It is actually suffering before the impact of global crisis has come. And, you have a situation, again, where 700 million people do not have access to ordinary toilets in our country.

Two-thirds of our coutnrymen don't have access to potable drinking water near their habitation. This is the real India. It is this India that we have to address our attention to, and not really be satisfied with all the glitter that you see in the Shinning India campaign. Fifty-four per cent of India consists of People who are below 25 years of age. The shoulders of that youth will build a new India. If those shoulders continue to be weakened by these sort of policies, then, what will be the future of this country? And, it is this important concern that doesn't reflect in hon. President's Address. On the contrary, what is the stark contrast we see? We see the glitzy scams of your Shinning India. You have had the Satyam scam. You have the scams connected with various SEZs. You have the Spectrum telecom scam. Regarding SEZs, this Government has said, and it is on record, that in four areas reforms will be brought about. On the question of land acquisition, I want to say that you are acquiring land on the basis of an antiquated 1894 Land Acquisition Act of British India. On the question of modern acquisition of land and how you have to give rehabilitation to land owners, four years have passed and nothing has come. On the question of facilities and tax concessions being given to SEZs, you said amendments will come, but, nothing has come. On the question of product mix within the SEZ; how much will be for production, how much will be for development or real estate development, changes had to be made, nothing has come. But, on the other hand, what is happening is, actually, facilitating, what the Prime Minister himself once called, 'crony capitalism'. On the one hand, you have crony capitalism being facilitated and, on the other hand, you have bulk of India suffering. It is this which is the actual Indian reality. On top of this comes the global economic recession. The President of India, in para 55, actually, anticipates what was said in the Interim Budget that was presented yesterday. It says, "We will be in a position to face this global recession". I said this yesterday and I repeat it today that not only the Address of the hon. President, but also the Interim Budget that was presented by the Government, both of them reflect a state a denial. This is a state of denial by the Government on the gravity of the impact of this global recession on us. According to even official estimates, in the organised labour force, more than five lakh employees have lost their jobs. It will run into crores in the unorganised sector, where they are dependent on various small, small jobs. Senesity is to this extent that 71 gem cutters and polishers in Surat in Gujarat have already committed suicide. The handloom weavers in Namakkal in Tamil Nadu are now

selling their kidneys in order to survive. This is the misery which this global recession is bringing about on our country. The impact of it is so deep and so agonising that we are refusing to recognise this reality, and, therefore, act accordingly. What is the way that we should act? The way we should have acted and we need to act is, immediately create a situation where you can generate massive levels of employment through big leaps in your public investment. We had hoped that that would come. We all understand the constitutional limitations of an interim budget. But the budget could have easily earmarked or suggested massive increases in investment and leave it to the next Government to decide how these expenditures would be handled. One way of handling could be monetising these expenditures, that is, by increasing the deficit. The other way would be to collect revenues through additional taxation. But that could be the decision of the next Government. We can't absolve our responsibility for the next four months, we meaning, the Indian Parliament, to our people. Many people adulate the United States of America. But, remember, George Bush left for Obama a budget deficit of more than one trillion doolars. Obama, instead of complaining, has gone forward and has now offered many more other schemes which, again, as their class character would have it, are more to bail out the corporates rather than empower the people. That is a different issue.

So, that course could have been adopted. Instead, what do we have Sir? In the Budget, the incremental increase in the Capital plan expenditure, incremental increase from the Budget figures is to the tune of about Rs. 40,000 crores. Much has been announced- about one lakh and some thousand crores on all the flagship programmes and about rs. 70 crores for infrastrucrure programmes. Much of these are allocations which have already been made. The additional allocations which have alrady been made. The additional allocation that has come is only about Rs. 40,000 crores, which is less than 1 per cent of our GDP. If this is inadequre, what is worse, today, with great pride-it was announced as one of the biggest achievements -- we heard Shri Aggarwal my learned colleague, talked amount the Rural Employment Guarantee Scheme. Yet, we had supported it. We wanted it. We implemented in a better way. We have a criticism on where the weakness are. It should be improved. But, during the Budget Speech, it was said that last year we spent Rs. 36,750 crores. What is the allocation for next year? It is Rs. 30,100 crores. That is, you have reduced it by Rs. 6,650 crores. You talked about rural development. What did we spend last year? It was Rs.56,883 crores/ What have you allocatred for next year? It is Rs. 30,000 crores. That is, you have reduced it by Rs. 6,650 crores. You talked about rural development. What did we spend last year? It was Rs. 56,883 croers. What have you allocated for next year? It is Rs. 51,706/- crores. That is Rs. 5,176 crores less. We talked about JNNURM and urban development. We spent about Rs. 6,420/- crores last year. Today, you are allocating Rs. 4,685/- crores. That is, you have

reduced it by Rs. 1,234/- crores. What are we doing, Sir? On the one hand, everybody talks of fiscal stimulus. We talk of greater public investment. That is the only way out; otherwise we cannot protect our people. On the other hand , in actual reality, you are reducing these allocations. That is why, I say, Sir, that the Government is in a state of denial . It is not realising the impact of this crisis that is there on our people. It is going to lead to ruination unless we act fast. And, that concern, however, is absent in the President's Address. Therefore, I think, it is not only in state of denail but it is still trapped in the neo-liberal framework of being concerned with fiscal fundamentsals. In times of recession, deficits are not of concern; it is neither economic sense nor common sense. In times of recession, no economy can come out of the recession without deficits. That is pure simple economics. The new in the US after the 1930's depression was all about deficits growing. Now, we are doing the exact opposite. What did we do? We moved specific amendments. But this reality must be taken into account. Please invest more, build the roads that are required, build the power generation capacities that are required, etc. Last year, we added 7,000 megawatts of power. For various other reasons, the hon. Leader of the Opposition referred to China. But the fact is, last year they added about 1,00,000 megawatts of power. I am not in a game of comparing ourselves with China, but it is a country with a population of similar size; it has similar problems. So much needs to be done. Invest more, build your power, give people more jobs, let them spend and on that basis let the economy grow. But the direction, Sir, somehow is missing and I think that needs to be corrected as this may have serious implications for our country and our people's future.

Another area which the hon. President has referred to and which is of a very serious concern is the whole area of social justice. The hon. President mentioned in para 21 that scholarships have been granted for minority children and some various lakhs etc. -- some figures were quoted -- but what is the fact, Sir? Not a single scholarship has been sanctioned tll date. And what is the reality again? You had the Sachar Committee Report. You had great fanfare, 15 point Prime Minister's Programme for minority welfare. What was the Budget allocation last year for minoity Welfare? It was Rs. 838 Crores.

Forget the fact that that was very low; but how much did they spend out of that? They spent only Rs. 523 crores. Rs. 315 crores allocated for minority welfare were not spent. What kind of concern is this? Similarly, if we look at what they had promised to the dalits, the CAG report for 2007-08 that came out recently shows special components and sub-plans for the SCs. What does it show -- Rs. 3,87,000 crores were denied to the SCs over the period of the last four years. Rs. 3,87,000 crores were sanctioned for them but it is not being spent for their welfare. And then, Government had

promised in the Common Minimum Programme that they would actively engage the private sector to ensure that reservations are extended to the private sector. Nothing has happened on that. Now, there is a bill. Unfortunately, I feel a little perturbed that none in this august House paid attention and in the din of the last day of the last session, this House passed a bill without anyone knowing what was happening in the House. By that, SCs are today denied the opportunity to enter any job in about 47 national instiutions of higher education. They cannot even enter the post of, what is called today in a favourable way, Assistant Professor, that is, Lecturer. They are debarred even at that level. I hope the other House will have the wisdom to not allow this Bill to be passed. What are we doing, Sir? On the one hand they are shedding tears for welfare, social justice, etc. while in reality this has been the track record of the Government.

Then, Sir, we heard a lot about terrorism. All of us are extremely concerned. I think there has been complete unanimity on this issue that as one India and one person, we should fight terrorism which is our enemy. We also, whether we practise it in reality or not, have at least formally accepted that terrorism knows no religion, region or caste; we will have to fight it together. We passed two Bills, which we felt, at that time, encroached upon the rights of the States and the federal structure, and at that point of time the hon. Home Minister had assured both the Houses that, in February, we will revisit these Bills. But nothing has happened and nothing has been brought before us. But the more important point. Sir, is that all these are concerned with after the event. What about pre-events profession? Our Intelligence gathering, Police modernisation, all that we talked of at the time Mumbai attacks! There is not even one word of that which is reflected in the hon. President's Address. So, if your fight against terrorism is to be taken forward, I think these essential concerns which are very important for us must find mention.

Finally, the last point that I want to make is this, since you are indicating about time. The hon. President mentioned the fact that we are entering the 60th year of Republic. The sixtieth year, for an ancient civilisation, is a very auspicious year. I mean all ancient civilisations in the world have and we call it *shashthi*. And after this year is over, we call it shashthi Poorthi, starting of another life, and another life means a new life. So, we are in that year, whether we follow policies which create a new life or whether we go back into the the morals of the past lives. And that is why, when we want to talk about the creation of a new life, we need to undestand what we are, because these acts of moral policing, these vigilante attacks, these acts of expression of a Hindutva-Taliban, this is something we cannot afford when we are going towards shashti poorthi. That is why, when the question comes up that we will protect our culture, what is our culture? In my opinion, there cannot be any other country where we have such a rich mosaic, a rich diversified mixture of various cultures, religions and traditions, as we have in India. Jawaharlal Nehru, on the eve of India's Independence, in the Dicsovery of India, evokes the example of a palimpsest - the palimpsest is an ancient tablet on which history is recorded and when the new victor comes, he erases the old history, and writes a

new history. But when he erases, he does not completely erase is because it cannot be completely erased. Talking about Indian culture, this is what Nehru said. He describes India as "An ancient palimpsest on which layer upon layer of thought and reverie have been inscribed and yet, no succeeding layer had completely hidden or erased what had been written previously".

It is this richness that we have, Sir, and if anybody claims to be the sole custodian of this culture, it is something that cannot be permissible. You please go back to our Constitution, in the 60th year of the Republic. What doew Article 1 say? Article 1 says, "India, that is Bharat, shall be a Union of States." You remove 'that is Bharat'. The Constitution still retains the same contents but not th espirit. Why did we say 'that is Hind Bharat'? See the Constituent Assembly debates. There were a lot of debates whether it should be Hindustan, whether it should be Bharat, etc., etc. Finally the Constituent Assembly, after the partition, after the communal riots that took place, by its wisdom chose Bharat because of its secular connotation. I want to ruge you, what is the meaning Bharat? Some say, it is the name of son of Dushyant and Shakuntala who unfied this land; some say, it has a vedic interpretation, the vedic origin of Bharat Rishi. But there is another very important interpretation. Bharat is t econfluence of three themes -- Bha is for Bhavam, Ra is for Ragam and Tha is for Talam. It is only when you have a Raga that uses the seven musical notes in various combinations, you create a melody. When that melody is accompanied by a rhythem, talam you create a harmony and it is the expression of that harmony which is the character, that is the Bhava, and that is India. India is the confluence of all these rhythms and that is expressed in our character, which is Bharat. So, it is that character that we need to preserve. If that has to be strengthened, if that needs to be done, you require an alternative policy Tragestory an alternative to communalism, an alternative to the economic policies which need to be changed to be pro-people, an alternative which will keep the independence of our foreign policy and our dignity in the international community. The political alternative with these three policy alternatives, Sir, is the only basis for the future and better India. It is that alternative which we will have to strive for; it is that alternative that is missing in the President's Address. But we have an opportunity in our year of the Shasthi. We are going in for our fifteenth General Elections. Whether we will be able to create a new life for a new India will depend on whether we will install such an alternative, and that political alternative with that policy alternative is something that we require, and in that direction we will move some amendments to the hon. President's Address which we will take up at the later time. Thank you.

श्री बृजभूषण तिवारी (उत्तर प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदय, अभी आपके सामने धन्यवाद प्रस्ताव पर कई माननीय सदस्यों ने अपनी राय रखी है। यह सही है कि माननीय राष्ट्रपति महोदया ने अपना जो भाषण पढ़ा, वह बहुत ही लम्बा और नीरस भाषण था। अगर पूरे भाषण को पढ़ा जाए तो उसमें आम आदमी के बारे में बड़ी चर्चा की गई थी। उसमे यह कहा गया कि सबसे बड़ी और मूल बात यह है कि आम आदमी को क्या मिलेगा। आज असलियत यह है कि न तो आम आदमी को पीने का साफ पानी का साफ पानी मिल रहा है, न रोजगार की व्यवस्था है, न

मकान है, न शिक्षा है और न स्वास्थ्य है। जहां यह कहा जाता है कि हमने पिछले तीन-चार वर्षों में लगातार विकास दर को बहुत ऊंचा बनाए रखा और उसी विकास दर को ऊंचा बनाए रखने का ही यह परिणाम है कि उसका फायदा आम आदमी को मिल रहा है। परंतु मै ऐसा मानता हूं कि विकास दर जो बढ़ी, उसका जो फायदा लोगों को मिलना चाहिए था, वह नहीं मिला। इस संबंध में प्रोफेसर आमर्त्य सेन ने एक जगह लिखा है कि विकास दर ऊंची होने के बावजूद उसका लाभ आम आदमी को नहीं मिला। मैं उन्हें कोट करता हूं : "Grwoth in India being maintained at high levels over the last few years, did not directly benefit the poor. Only a part of wealth actually flowed back to them and this too mainly because of increase in revenue collection." मान्यवर, उन्होंने यह बात कही क्योंकि आज अगर हम यथार्थ में या जमीनी स्तर पर हकीकत को देखें तो सही स्थिति का पता चलेगा। मान्यवर, अभी सीताराम येचुरी जी ने भी ठीक ही कहा कि जिस प्रकार से विषमता देश के अंदर बढ़ रही है, उसी का यह नतीजा है कि एक तरफ जो 'अकर्ता वर्ग' जो केवल तिकड़म से, केवल फ्रॉड करके, वर्तमान व्यवस्था को अपने हक में इस्तेमाल कर के पसीना बहाने वाले लोगों की गाढ़ी कमाई को हड़प जाता है और दूसरी तरफ वह वर्ग है जो पुश्त-दर-पुस्त पसीना बहाता है, मेहनत करता है, परंतु उसके बावजूद उसको उसका हक नही मिलता। इस संबंध में राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना की बात सबसे ज्यादा कही गयी। मान्यवर, राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना का लक्ष्य बहुत अच्छा है, उसका उद्देश्य अच्छा है, परंतु हकीकत में उसमें सब को रोजगार नहीं मिलता और मान्यवर, यह विचित्र बात है कि जहां एक तरफ पढ़ने-लिखने वाले बेरोजगार नौजवानों की तादाद बढ़ रही हो, उनके रोजगार सृजन की बात न करके केवल गांव के गरीब लोगों के रोजगार की बात करना ठीक नहीं है और उसमें भी संपूर्ण रोजगार नहीं मिलता। प्रत्येक परिवार में केवल एक आदमी को ही मिलता है और वह भी सौ दिन का काम करता है। अगर आप इसका पूरा हिसाब लगाएं तो उसे औसतन् केवल 35-40 रुपया मिलता है। मान्यवर, एक तरफ देश में 5 लाख करोड़ की पूंजी है। अब चाहे वह रिलायंस के या दूसरे उद्योगपति हैं, 5 करोड़ की पूंजी और दूसरी तरफ रोजगार गारंटी योजना में एक साल के अंदर 5 हजार रुपए। तो आप इसे देखें कि 5 हजार रुपया एक के लिए और 5 लाख करोड़ रुपया एक के लिए।

मान्यवर, आपने देखा होगा कि अभी जो वर्तमान बजट पेश किया गया है, उसमें पूरो मंत्रिमंडल पर 558 करोड़ रुपए का प्रावधान है और अगर प्रति मंत्री के हिसाब से यह पैसा बांट दिया जाए तो एक मंत्री के ऊपर 6 करोड़ रुपया आता है। एक तरफ मंत्री जी के ऊपर 6 करोड़ रुपए का खर्चा और दूसरी तरफ राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत एक रोजगार पर साल में 5 हजार रुपया। अब आप कल्पना कर सकते हैं कि उसमें आप कैसे आम आदमी के भाग्य या आम आदमी के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने की बात कर सकते हैं?

मान्यवर, यहां पर तमाम प्रकार के कानूनों की बात कही गयी। ठीक है, अच्छे कानून बने, परंतु उनकानूनों का फायदा गरीबों को नहीं मिला। आज भी असंगठित क्षेत्र के मजदूर को जो सामाजिक सुरक्षा मिलनी चाहिए, पेंशन मिलनी चाहिए, उस पेंशन और सामाजिक सुरक्षा की कोई बात इसमें नहीं कही गयी। उनकी आर्थिक स्थिति में कोई सुधार नहीं किया गया। मान्यवर, वन मान्यता कानून है जिसके तहत वनवासी व आदिवासियों को अधिकार मिलने चाहिए। जंगल की जिन जमीनों पर उनका अधिकार था - उसके फल पर, उसकी लकड़ी पर, वहां की और चीजों पर से उनको बेदखल कर दिया गया है। आज भी वह एक्ट पास होने के बावजूद, उसे उसी कानून की शक्ल नही मिली है, उन्हें उसका अधिकार पत्र भी नहीं मिला है। अब खेती के बारे में चर्चा आई। खेती हमारी जीविका का सबसे प्रमुख साधन है और आप जानते हैं कि इतना सब करने के बावजूद भी आज किसानों की आत्महत्या की रफ्तार में

किसी प्रकार की कोई कमी नही आ रही। एक यवतमाल जिला है जहां से प्रतिदिन 8 से 9 किसानों की आत्महत्या की खबर आती है। इसका क्या कारण है? खेती में जो सार्वजनिक निवेश होना चाहिए उसमें बिल्कुल कमी हो रही है। जलवायु परिवर्तन हो रहा है। किसानो को न तो उचित पानी मिल रहा है और न ही बिजली मिल पा रही है। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि अगर वे मेहनत करके अपना अनाज पैदा करें तो समर्थन मूल्य तय करने में बेईमानी होती है। अगर समर्थन मूल्य तय भी हो जाए तो उसकी उचित खरीददारी नही होती। मैं उत्तर प्रदेश की स्थिति जानता हूं और मध्य प्रदेश की स्थिति को भी जानता हूं कि जो धान बाजार में दो हजार रुपये का बिक रहा था, वह अब घटकर एक हजार रुपये हो गया। सरसों का दाम भी आधे से ज्यादा घट गया। उनकी ऊपज का दाम निरंतर घट रहा है। यह नुकसान भी किसान के ऊपर है। एक तो पैदावार की कमी, दूसरा, कृषि क्षेत्र के क्षेत्रफल की कमी और तीसरा, निवेश की कमी - यह सरकारी रिपोर्ट है जिसके अनुसार 60 सैकड़े से ज्यादा किसान इस स्थिति में है कि वे अपनी खेती के धंधे को छोड़कर दूसरे धंधे में जाना चाहते हैं, परन्तु स्थिति इतनी विकट है कि उनके पास जीवन यापन का कोई दूसरा साधन नहीं है। खाद पर जो सब्सिडी मिलती है, वह किसानों को सीधे नही मिलती। दिल्ली के केन्द्रीय मंत्री कहते है कि खाद की कोई कमी नहीं है। परन्तु आप राज्यों मे चले जाइए तो पता चलेगा कि खाद मिलती ही नही है। बीज की भी वही हालत है।

इसी प्रकार, मध्य प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत साढ़े सात लाख जो दाइयां काम करती थी, उनको काम से बेदखल कर दिया गया। मान्यवर, सबसे बड़ी बात यह है कि हम सारे कानून बना दें, सारी व्यवस्था कर दें, परन्तु हमारी जो दृष्टि है, उस दृष्टि में इतना संकुचित है कि हमारे अंदर की जो संवेदनशीलता है, वह बिल्कुल खत्म हो जाती है।

आज हमारे सामने जो विश्वव्यापी आर्थिक संकट है, रिसेसन है, उसके बारे में पहले तो हमारे यहां के योजनाकार और सरकार यह मानते थे कि उसका हम पर असर नही पड़ेगा, परन्तु आज हम देखते हैं कि उसका हमारे ऊपर व्यापक असर पड़ रहा है। हमारा जो विदेशी मुद्रा का रिजर्व था, वह घट रहा है। हमारे जो बैंक हैं, उन बैंकों की लिक्विडिटी भी कम हो रही है। हमारा जो एक्सपोर्ट है, उस एक्सपोर्ट मे कमी हो रही है। आज नये रोजगार का सृजन व्यापक पैमाने पर नहीं हो रहा है। आज बड़े पैमाने पर लोगों की छंटनी हो रही है। आखिर यह जो भयावह स्थिति है, उसका मुकाबला हम कैसे करेंगे? उसका मुकाबला हम तभी कर सकते हैं जब हम स्वयं अपने संसाधनों को सुरक्षित करें, उसे बचायें। अपने खर्चों पर और अपने लोभ पर संयम रखें। परन्तु आज स्थिति बहुत ही खराब है। मैं इस सदन के सामने यह कहना चाहता हूं कि केन्द्र सरकार राज्य सरकारों को पैसा देती है। एक तरफ केन्द्र सरकार की फिजूलखर्ची और दूसरी तरफ राज्य सरकारों की फिजूलखर्ची मैं और कुछ नही कहना चाहता, मगर मै उत्तर प्रदेश का उदाहरण आपको देना चाहता हूं। आप उत्तर प्रदेश में चले जाइये, आपको पता चलेगा कि वहां के जो प्राकृतिक संसाधन हैं, उनका किस प्रकार से अपव्यय हो रहा है। अभी उत्तर प्रदेश का जो बजट आया उसमें एक हजार करोड़ रुपये से अधिक का अतिरिक्त प्रावधान मूर्तियों और पार्कों को बनाने के लिए कर दिया गया।

मैं अभी मिर्जापुर गया था। मैंने मिर्जापुर में देखा कि वहां लाल पत्थर के जो पहाड़ हैं, वे पहाड़ काटे जा रहे हैं, वहां पत्थर तराशे जा रहे है और वे सारे पत्थर लखनऊ मे लाकर पार्क और मूर्तियां बनाई जा रही हैं। वहां की नेता और मुख्य मंत्री को किसी ने बता दिया है कि अगर लाल पत्थर से मूर्ति बन जाए या लाल पत्थर से पार्क बन जाए तो वह 200, 300 साल तक रहेगा, जैसे दिल्ली या आगरा का लाल किला है। तो इस तरह से निमर्म होकर, निर्दयतापूर्वक अगर सरकारी संसाधनों का अपव्यय किया गया, अगर प्राकृतिक संसाधनों का अपव्यय किया गया, तो हम कहां खड़े रहेंगे? आज यही कारण है कि हमारी विश्वसनीयता घट रही है - राजनीति करने वालों, राजनीतिक संस्थानों और राज्य सरकारों के प्रति जो आम जनता का विश्वास है, आज वह विश्वास घट रहा है।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P. J. KURIEN) : Mr. Tiwari, please listen.

श्री बृजभूषण तिवारी : सर, मैं पांच मिनट में खत्म कर रहा हूं।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P. J. KURIEN) : No, no listen to me...*(Interruptions)*... थोड़ा सुनिए। Don't take the name of a person who cannot defend himself here.

SHRI BRIJ BHUSHAN TIWARI : I am taking the name of a State. I am not taking the name of any individual.

मैं केवल यह कहना चाहता हूं कि जब केन्द्र और राज्य का संबंध है और हमेशा राज्य सरकारें यह शिकायत करती है कि केन्द्र से हमें भरपूर पैसा नहीं मिलता है, हमें पैकेज नहीं मिलता है, तो चाहे अपव्यय केन्द्र सरकार करे या राज्य सरकार करे, आखिर यह अपव्यय तो जनता के पैसे का हो रहा है, हमारे देश के संसाधन का अपव्यय हो रहा है, इसलिए हमारी नज़र उस तरफ भी जानी चाहिए।

अगली बात मैं रक्षा के मामले में कहना चाहता हूं कि हमने इस बार बजट में रक्षा के लिए 34 फीसदी का प्रावधान बढ़ाया गया है। हम इसके खिलाफ नहीं है, आप रक्षा का प्रावधान बढ़ाइए, परन्तु जैसा कि कहा गया है कि जैसी रक्षा की तैयारी होनी चाहिए, वह तैयारी नहीं है-हथियार ठीक तरीके से नहीं है, वहां सैनिकों को जो सुविधाएं मिलनी चाहिए, वे भी नहीं है। फिर. अभी जो घटना घटी, मुम्बई में जो आतंकवादी हमला हुआ, उस आतंकवादी हमले से निबटने में जो हमारी अक्षमता रही, वह दूर होनी चाहिए। हम दूसरे पर, हम पाकिस्तान पर दोष तो मढ़ते रहे, परन्तु केवल पाकिस्तान पर दोष मढ़ने से हम अपनी जिम्मेदारियों से विरक्त नहीं हो जाते। इस बड़ी घटना ने देश की जनता को झकझोर दिया। पाकिस्तान हमारा पड़ोसी देश है, हम लोग शुरु से ऐसा मानते रहे कि हम अपने पड़ोसी देशों से रिश्ता ठीक रखें। हम पाकिस्तान के साथ हुए बंटवारे को भी नकली बंटवारा मानते रहे, हम यह मानते रहे कि भारत और पाकिस्तान का रिश्ता मधुर हो, कोशिश यह होनी चाहिए कि हमारा एक महासंघ बने, परन्तु उसी के साथ ही अगर पाकिस्तान में इस प्रकार की हरकतें होती हैं, जिनसे हमारी आजादी को खतरा हो, जिनसे हमारे देश को खतरा हो, जिनसे हमारी सम्प्रभुता को खतरा हो, तो उस खतरे का मुकाबला करने के लिए भी एक राष्ट्र के नाते हमको पूरी तरह से तैयार हो जाना चाहिए। अगर इस प्रकार की आतंकवादी घटनाएं, आतंकवादी हमले होते हैं तो एक राष्ट्र के नाते हमें इन आतंकवादी हमलों का मुकाबला इस तरह से करना चाहिए ताकि भविष्य में फिर कोई आतंकवादी हमला न हो, लेकिन मुम्बई में हुए आतंकी हमले के दौरान हमारी पूरी डिप्लोमसी केवल इसी बात पर लगी थी कि हम साक्ष्य इकट्ठे करें। हम कोशिश कर रहे थे कि शायद अमेरिका हमारी मदद करे, संयुक्त राष्ट्र संघ के दूसरे देश हमारी मदद करें, परन्तु सभी ने कहा, सभी जानते हैं कि अगर आपके ऊपर किसी प्रकार का कोई खतरा होता है तो आपको स्वयं अपनी लड़ाई लड़नी पड़ेगी। आपके लिए कोई संवेदना व्यक्त कर सकता है, आपके प्रति हमदर्दी व्यक्त कर सकता है, लेकिन आपको अपनी लड़ाई स्वयं लड़नी पड़ेगी। परन्तु, हमारी तरफ से कोई ऐसा कठोर काम या कोई ऐसा कठोर निर्णय नहीं हुआ कि जिससे हम इन आतंकवादी हमलों का मुकाबला कर सकें, ताकि फिर भविष्य में कोई आतंकवादी हमला न हो। हमारी दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि जब कोई घटना घट जाती है, तो हम उसके बचाव में काम करते हैं और ये जो आतंकवादी संगठन हैं, आतंकवादी लोग हैं, ये हमेशा अपना लक्ष्य बदलते है, अपनी स्ट्रेटजी बदलते हैं, अपना तौर-तरीका बदलते हैं और हम जब कोई घटना हो जाए, उसके बचाव में काम करते हैं। जैसे, यह पहले से संभावना व्यक्त की जा रही थी कि जल मार्गों का भी इस्तेमाल आतंकवादी समूहों के द्वारा किय जा सकता है। अगर यह संभावना थी कि जलमार्गों

का इस्तेमाल किया जा सकता था, तो हमें अपने जलमार्गों की सुरक्षा का भरपूर इंतजाम करना चाहिए था। अब जब घटना घट गई, जब मीटिंग्ज़ हो रही हैं, तब हमें सोचना पड़ रहा है, नीति बनानी पड़ रही है कि हम किस प्रकार से अपने खुफिया तंत्र को मजबूत करें।

उपसभाध्यक्ष जी, मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि आतंकवादी घटनाओं से निपटने के लिए हमें चार चीजों की आवश्यकता है-पहली बात तो यह है कि आतंकवाद के प्रति हमारी क्या दृष्टि है, आतंकवाद के बारे में हमारी क्या strategy है, क्या रणनीति है। दूसरी बात यह है कि उस रणनीति को अमली जामा पहनाने के लिए हमारी मशीनरी कैसी है। तीसरी बात यह है कि हमारी जो न्यायिक प्रक्रिया है, जो जुडिशियल सिस्टम है, वह कैसा है। चौथी बात यह है कि हमारी इच्छा शक्ति कैसी है, अगर हमारे अंदर willpower नहीं है, अगर हमारे अंदर दृढ़ता नहीं है, अगर मुर्गी के कलेजे की तरह कहीं न्यूक्लियर वार न हो जाए, कोई दूसरा देश हमसे नाराज़ न हो जाए, अमरीका की इज़ाजत के बिना हम कभी बुरी परिस्थिति मे न फंस जाएं, अगर हमारा इस प्रकार का कमज़ोर मन, कमज़ोर दिल रहेगा, तो हम किसी भी इन आतंकवादी घटनाओं का मुकाबला नहीं कर सकते और यही स्थिति हमारे पड़ोसी देशों के साथ भी है। हम यह मानते हैं कि चाहें पाकिस्तान हो या अफगानिस्तान हो या नेपाल का यह हिस्सा हो, इन देशों के साथ हमारा रिश्ता ठीक होना चाहिए, हमें लोकतंत्र की स्थापना के लिए वहां मदद करनी चाहिए क्योंकि यदि हमारे पास-पड़ोस के देशों में लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत होती है, राजनीतिक दल मजबूत होते हैं, जनता और जनता के बीच सीधा संपर्क होता है, तो मुझे पूरा विश्वास है कि यदि पड़ोस के देशों में हमारे रिश्ते अच्छे होते हैं, तो हमारी जो सुरक्षा है, वह भी दृढ़ होगी, परन्तु इस सबके बावजूद मुझे प्रोफेसर अर्मत्य सेन की एक बात बहुत अच्छी लगी, उन्होंने यहां सांसदों को संबोधित करते हुए एक बात कही थी कि हमारे यहां उपनिषदों मे या पुराने ग्रंथों मे दो शब्दों का इस्तेमाल किया गया है-एक शब्द है 'नीति' और दूसरा शब्द है 'न्याय'... ये दोनों शब्द अलग हैं, 'नीति' अलग है 'न्याय' अलग है। 'नीति' का मतलब है व्यवस्था, 'नीति' का मतलब है विधान। तो हमारा विधान अच्छा है, हमारी व्यवस्था अच्छी है, हम अच्छे से अच्छे कानून पास करते हैं, हमारे पास मशीनरी है, पुलिस है, जुडिशियरी है, सदन है, राज्य सभा है, लोक सभा है, यह सारी व्यवस्था हमारे पास है, परन्तु इस व्यवस्था के बावजूद समाज का जो गरीब से गरीब आदमी है, कमज़ोर से कमज़ोर आदमी है, अगर उसके अंदर यह अहसास नहीं होता कि हमारे साथ न्याय हो रहा है, हमें इंसाफ मिल रहा है, तो इस नीति का भी कोई मतलब नहीं होता और जनता उसके खिलाफ खड़ी हो जाती है। आज यही कारण है कि हमारे देश के अंदर जो नक्सल प्रभावित क्षेत्र हैं, वे बढ़ते जा रहे हैं।

अभी मुझे अखबारों में पढ़ने को मिला कि जो छत्तीसगढ़ और नागपुर का इलाका था, वहां पर 15 पुलिसकर्मी मारे गए और वे जो 15 पुलिसकर्मी मारे गए, उनका जो नेतृत्व कर रही थीं, वे औरतें थी, उन नक्सलपंथी औरतों का जो समूह था, उसकी नेता एक औरत थी और उन्होंने जिस तरीके से, जितने नृशंस और अमानवीय तरीके से उन पुलिसकर्मियों की हत्या की, हम उसकी कल्पना भी नहीं कर सकते। एक औरत के बारे मे इस प्रकार की बात कभी सोची भी नहीं जा सकती, लेकिन अगर दिमाग बिगड़ जाए, अगर वे गरीब और आदिवासी लोग हैं, गांव के लोग हैं, जिनको अपना हक नहीं मिलता, जिनको अपना इंसाफ नहीं मिलता, अगर उनके मन में यह विद्रोह की बात आए, तो क्या आपकी यह नीति, आपकी व्यवस्था, आपकी संस्था उनको रोक पाएगी, नहीं रोक पाएगी।

आज आप देखिए कि सबसे बड़ा घोटाला सत्यम का है। अभी अखबारों में मैंने पढ़ा कि भ्रष्टाचार का 14.56 खरब डालर भारतीय लोगों का स्विटज़रलैंड के बैंकों में जमा है। अभी मैं एक लेख पढ़ रहा था कि यह जो विश्वव्यापी

आर्थिक संकट है, उसका सबसे बड़ा कारण यह है कि ये जो टैक्स हैवन देश है-स्विटज़रलैंड, जहां दुनिया भर की काली कमाई का पैसा इकट्ठा होता है, वही पैसा इन दूसरे देशों में विशेषकर एशिया और अफ्रीका के देशों में खर्च हो रहा है, उसी पैसे के कारण उनका खर्चा, उनका रहन-सहन ऊंचाई की ओर बढ़ता है...(व्यवधान)...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF P. J. KURIEN) : Now, it is 5.00 p.m. I think, it is the sense of the House to sit for another one hour....*(Interruptions)*... There are many speakers. So, we will extend up to one hour.

श्री राजनीति प्रसाद (बिहार) : महोदय, अब कल किया जाए।

उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी. जे. कुरियन) : कल तो करना ही पड़ेगा, लेकिन आज भी करना है।...*(Interruptions)*...

DR. K. KESHAVA RAO (Andhra Pradesh) : Sir, today, make it half-an-hour. Tomorrow, we can get one hour...*(Interruptions)* ...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P. J. KURIEN) : Mr. Minister, tell me whether half-an hour or one hour.

SHRI PAWAN BANSAL : Sir, I would request for one hour because there are many speakers. But, it is for the House to decide.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P. J. KUREIN) : Okay, Let us sit for one hour because there are a number of speakers. Now, the statement by the Minister.

STATEMENT BY MINISTER

Regarding Alleged Misbehaviour of Police in Jharkhand

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI P. CHIDAMBARAM) : This morning, hon. Member Shri Yashwant Sinha and certain other hon. Members made submissions on the incidents that took place at the gates of the Raj Bhawan in Ranchi, Jharkhand on February 12, 2009. I have been briefed on the submissions and I am distressed that such an incidents should have taken place on that day.

The Government of India has received information from the State Government. The DGP, Jharkhand has also report.

It is reported that prominent leaders of the BJP, along with a few thousands workers, marched towards the several gates of the Raj Bhawan. At gate no. 3, the demonstrators were led by two MLAs; they demonstrated peacefully behind the barricade; and there was no incident. At gate no. 4 the demonstrators were ley by an MLA; they also demonstrated peacefully behind the barricade and there was on incident.

The incident occurred between gate no. 2 and no.1 which is the main gate. It is reported that the demonstrators were led by Shri Yashwant Sinha, M.P., Shri Arjun Munda, MLA, Shri Saryu Rai, MLA, Shri Dinesh Sarangi, MLA, Shri Loknath Mahto, MLA and Shri Raghubar Das, MLA and States